पंजाब केसरी 21/06/2024

गांधी नैशनल कॉलेज में चल रही दाखिले की प्रक्रिया: प्राचार्य डा.रोहित दत्त

अम्बाला, 20 जून (बलराम) : गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज अम्बाला छावनी में दाखिला प्रकिया चल रही है।, जिसमें नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों में पूरा उत्साह है। प्राचार्य डा.रोहित दत्त ने बताया कि जी.एम.एन कालेज एकमात्र कॉलेज है, जिसमें साइकोलॉजी, सोसियोलॉजी और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन का कॉम्बिनेशन है। उन्होंने बताया कि इस कॉम्बिनेशन में अपार संभावनाएं हैं।

प्राचार्य डा.रोहित दत्त ने बताया कि साइकोलॉजी विषय से विद्यार्थियों को लोगों को नए स्तर पर समझने में मदद मिलती है। इस विषय से छात्रों को मानवीय भावनाओं, व्यवहारों को समझने में मदद मिलती है। उसी के साथ-साथ सोशियोलॉजी विषय सामाजिक मुद्दों के बारे में निर्णय लेने के लिए प्रभावी है तथा विविध भागों में करियर बनाने के लिए लाभप्रद है।

उन्होंने बताया कि पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय विद्यार्थियों को नेतृत्व और जिम्मेवारी विकसित करने में मदद करता है।

इस विषय के अंतर्गत विद्यार्थी किसी संगठन मे वित्त और मानव संसाधनों का प्रबंध करने में कुशल होते हैं द्य प्राचार्य ने बताया कि इसके साथ साथ अन्य विषयों जैसे संस्कृत, पंजाबी, हिंदी, इंग्लिश, पॉलिटिक्स साइंस, संगीत (गायन एवं वादन), हिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन में प्रवेश लेने वालों के लिए सुनहरा अवसर है।